ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 04-05-2023

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-05-04 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-05-05	2023-05-06	2023-05-07	2023-05-08	2023-05-09
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	1.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	30.0	32.0	34.0	35.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	18.0	19.0	19.0	19.0	19.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	70	70	70	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	30	30	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8	12	12	14	12
पवन दिशा (डिग्री)	50	70	300	230	70
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	0	1	2	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (29 अप्रैल – 03 मई , 2023) में 83.4 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 22.6 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 15.9 से 19.3 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 59 से 89 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 27 से 84 प्रतिशत एवं हवा 1.0 से 5.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 7 मई 2023 को गरज चमक व तेज हवाओं के साथ कही कहीं बूंदा बंदी या हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। साथ ही हल्के से मध्यम बादल छाये रहेंगे अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 30.0 से 35.0 व 18.0 से 19.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 12.0-14.0 किमी/घंटे की गति से दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-पश्चिम एवं पूर्व-उत्तर -पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाइयो, मौसम साफ होने की दशा में धान-गेंहूँ फसल चक्र में, हो गयी गेंहूँ की कटाई एवं अन्य रबी फसलों की कटाई के बाद हरी खाद हेतु मुख्यतः ढैंचा एवं सनई की बुवाई करें। बलुई एवं दोमट मृदाओं में सनई भारी मृदा एवं जल भराव वाले क्षेत्रों में ढैंचा को प्राथमिकता दें। ढैंचा के लिए बीज दर 50-60 किग्रा/है एवं सनई के लिए बीज दर 80-90 किग्रा/है रखें। रबी फसल की कटाई के बाद मौसम साफ होने पर खाल खेतो की गहरी जुताई कर खेत को खुला छोड़ दे जिससे सूर्य की तेज धूप से गर्मी होने के कारण इसमे छिपे कीटों के अंडे तथा घास के बीज नष्ट हो जाएगे ।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 7 मई 2023 को गरज चमक व तेज हवाओं के साथ कही कहीं बूंदा बंदी या हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। साथ ही हल्के से मध्यम बादल छाये रहेंगे

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	किसान भाइयो, पूर्व में अधिक वर्षा होने के कारण चने की विलम्भ से बोई गई पकी फसल को मौसम साफ होने पर एक से दो दिन बाद काट लें।
डाइन्चा	किसान भाइयो, पूर्व में अधिक वर्षा होने के कारण मौसम साफ होने पर, हो चुकी गेंहूँ एवं अन्य रबी फसलो की कटाई के बाद खाली खेत में हरी खाद हेतू ढैंचा तथा सनई की बुवाई करें। सनई की नरेन्द्र सनई-1 तथा ढैंचा की पंत ढैंचा-1 हिसार ढैंचा-1 आदि उन्नतशील किस्मो का चुनाव करे। सनई हेतू बीज दर 80-90 किलोग्राम/हेक्टेयर तथा ढैंचा हेतू बीज दर 60-80 किलोग्राम/हेक्टेयर रखें।
मूँग	किसान भाई पूर्व में हुई वर्षा को संज्ञान में रखकर मूंग में सिंचाई का कार्य कुछ दिनों के लिए स्थगित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
भिण्डी	भिण्डी की फसल में पत्तियों की नसे यदि पीली पड़ रही हो तो ऐसे पौधो को निकालकर नष्ट कर दे। तथा मौसम साफ होने पर, रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण के लिए किसी सर्वांगी कीटनाशी का छिड़काव करें।
राजमा/ लोबिया	किसान भाइयो मौसम साफ होने की दशा में लोबिया मे जड़ एवं तना गलन रोग की रोकथाम हेतु कार्बन्डाजिम 1 ग्राम/ली0 पानी की दर से घोल बनाकर जड़ो की सिंचाई करे।
सेम की फली	किसान भाइयो मौसम साफ होने की दशा में फ्रासबीन मे जड़ एवं तना गलन रोग की रोकथाम हेतु कार्बन्डाजिम 1 ग्राम/ली0 पानी की दर से घोल बनाकर जड़ो की सिंचाई करे।
कद्दू	किसान भाइयो मौसम साफ होने की दशा में कद्दु वर्गीय फसलों की पत्तियो पर अनियमित आकार में पीले धब्बे दिखाई पड़ने पर पत्तियो को उलटकर निरीक्षण करें यदि निचली सतह पर हल्के धूसक रंग की फॅफूदी की बढ़वार दिखाई दे तो नियत्रंण के लिए मेन्कोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।
आम	आम के बाग में डांसी मक्खी के लिए काष्ठ निर्मित यौन गंध ट्रैप को पेड़ पर लगाना चाहिए (10 ट्रैप/है0)है । यौन गंध ट्रैप को दो माह में बदल देना चाहिए।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	किसान भाइयो, मौसम साफ होने की दशा में पशुशाला के आसपास की नालियो में मेलाथियॉन अथवा अन्य कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव समय समय पर कराते रहे। मौसम साफ होने के बाद तापमान में वृद्धि होने से इन गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूर पिलाये। पशुओं में मेस्टाईटिस के लक्षण दिखाई देने पर इसका तुरंत इलाज करें